पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-11.03.2013 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री वैद्यनाथ सहनी, स०वि०स० श्री रामचन्द्र सदा, स०वि०स०	"समस्तीपुर जिला के ताजपुर एन.एच.-28 गाँधी जी चौक से भाया ग्राम-चन्दौली हाट, हरपुर भिन्डी, दादनपुर हनुमान मंदिर तक सड़क की हालत अत्यंत ही जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील है एवं बरसात के दिनों में सड़क पर एक से डेढ़ फीट पानी जमा हो जाने के कारण आमलोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । यही हाल ताजपुर से हलई जानेवाली आर.ई.ओ. पथ, निकसपुर त्रिमुहानी से पश्चिम की ओर जानेवाली पथ, ग्राम-चकपहाड़, कमतौल एवं दिघरूआ होते हुए कोठिया के पी.डब्लू.डी. पथ, गाँधी जी स्मारक चौक पथ की हालत अत्यंत ही जर्जर है । अतः उपरोक्त वर्णित जर्जर पथों का निर्माण शीघ्र कराने हेतु हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	ग्रामीण कार्य

1	2	3	4
2.	श्री मनोज कुमार सिंह, स०वि०स० श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अशोक कुमार, स०वि०स० श्री सुबाष सिंह, स०वि०स० श्री राम प्रवेश राय, स०वि०स०	"गोपालगंज जिला के महम्मदपुर-छपरा स्टेट हाइवे के 68.50 कि०मी० 2 लेन में सड़क निर्माण के लिये वर्ष 2011-12 में बीएसएचपी-ज 2 के तहत् 70 प्रतिशत राशि एशियन डेवलपमेन्ट बैंक से 361.5 करोड़ ऋण सरकार द्वारा ली गई । मार्च, 2011 से ही कार्य प्रारम्भ किया जाना था, निविदा भी की गई, लेकिन अबतक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है, जिससे सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है । साथ ही ईस्ट-वेस्ट कोरिडोर अन्तर्गत एन०एच०-28 जो दिल्ली से होकर सिलचर (असम) तक जाती है, जिसमें गोपालगंज जिला का बथानकुट्टी से डुमरिया घाट तक लगभग 70-75 कि०मी० एन०एच०-28 का भाग पड़ता है, वह अनेक स्थान पर काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है । जिसपर आये दिन दुर्घटना से सड़क जाम कर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की जाती है । जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक-226/ सी०, दिनांक-27.02.2012, पत्रांक-1649/ सी०, दिनांक- 14.07.2012,पत्रांक-1661/ सी०, दिनांक-16.04.2012, पत्रांक-1786/सी०, दिनांक- 30.07.2012 एवं पत्रांक-1904/ सी०, दिनांक-12.08.2012 द्वारा सचिव, पथ निर्माण विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक पथों की मरम्मति नहीं हो सकी है । अत: हम महम्मदपुर-छपरा स्टेट हाईवे के निर्माण एवं एन०एच०-28 के पथों की मरम्मति हेतु सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	पथ निर्माण

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-15/13- 232 / वि०स०, पटना, दिनांक-09 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

09/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-15/13- 232 / वि०स०, पटना, दिनांक- 09 मार्च, 2013 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

09/3/13
(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।